**UPSI180030922021**
**न्यायालय Civil Judge Junior Division Mahmoodabad, Sitapur**
**पीठासीन अधिकारी-** (Amit Singh)**, (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519**

मूलवाद सं० Civil Suit/449/2021
**Sunita Vs. Sushila and Others**

**29.11.2021**

वादिनी द्वारा **श्री गुले मुनव्वर एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **स्थाई निषेधाज्ञा**, प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

**आदेश**

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादिनी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 03.01.2022 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

**प्रार्थनापत्र 6ग2–**

प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता को प्रार्थना–पत्र 6ग2 अर्न्तगत आदेश 39 नियम 1 सी0पी0सी0 पर एकपक्षीय रूप से सुना गया तथा पत्रावली का सम्यक् परिशीलन किया गया।

पत्रावली के सम्यक् परिशीलन के आधार पर यह विदित होता है कि प्रार्थना–पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र 7ग2 में वादिनी/प्रार्थिनी द्वारा यह कथन किया गया है कि गाटा सं0 577, 593, 766ख, 706, 731, 824ख, 842ख, 1107क, 1153 रक्बा 1.543 हे0 स्थित ग्राम मनवां परगना मनवां तहसील सिधौली जिला सीतापुर के मालिक, काबिज वादिनी के पिता थे। वादिनी के माता की मृत्यु वादिनी के बचपन में हो गई थी। वादिनी अपने पिता की अकेली सन्तान है, किन्तु वरासत में प्रतिवादिनी सं0 1 ने अपना नाम फर्जी रूप से अंकित करवाकर प्रतिवादी सं0 3 व 4 से साठ–गांठ करके दिनांक 04.09.2021 को प्रतिवादी सं0 2 के हक में बैनामा पंजीकृत करवा दिया। अब प्रतिवादीगण एकराय होकर उपरोक्त गाटा नम्बरानों पर कब्जा कर लेना चाहते हैं। अतः प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाय। वादिनी की ओर से सूची 8ग से 9ग बैनामे की नकल, 10ग खतौनी, 11ग परिवार रजिस्टर की नकल, 12ग प्रधान द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण–पत्र दाखिल किया गया है।

वादिनी/प्रार्थिनी की ओर से अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में ऐसा कोई प्रपत्र दाखिल नहीं किया गया है जिससे इस स्तर पर वादग्रस्त स्थल पर वादिनी/प्रार्थिनी के स्वत्व व अध्यासन के सम्बन्ध में कोई अवधारणा की जा सके। अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना विपक्षीगण को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

**आदेश**

विपक्षी/प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादिनी/प्रार्थिनी पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 13.12.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.11.30 16:38:56 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D. Mahmoodabad, Sitapur.